# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**


**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 05.05.2022**

# THE TRIBUNE



EDUCATION NOTES

## NSS CAMP CONCLUDES AT VARSITY

**Faridabad:** A week-long camp organised by the NSS Cell of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has concluded. The camp was organised at Government Girls' Middle School, Atali, Faridabad, for NSS volunteers of the university. The closing ceremony of the camp was organised at Vivekananda Auditorium on the university premise and volunteers were awarded with certificates of appreciation on the successful completion of camp. During the programme, as many as 27 NSS volunteers were awarded with certificates for their 240 hours of selfless service. The winners of various competitions such as debate, essay writing and poster making were also awarded with certificates and medals.

**NEWS CLIPPING: 05.05.2022**

# DAINIK JAGRAN

## स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया



एनएसएस शिविर में हिस्सा लेने वाले छात्र एवं छात्राएं प्रमाण पत्र दिखाते हुए ● सौ. यूनिवर्सिटी पीआरओ

**वि ., फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय अटाली में आयोजित साप्ताहिक शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। शिविर क समापन विश्वविद्यालय परिसर के विवेकानंद सभागार में हुआ। 27 एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कुलसचिव डा. एसके गर्ग, एनएसएस समन्वयक प्रो .प्रदीप डिमरी और डीन छात्र कल्याण प्रो .लखविंदर सिंह भी उपस्थित थे। राजकीय विद्यालय अटाली के मुख्य अध्यापक उत्तम चंद को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। वाद-विवाद, निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी प्रमाण पत्र और पदक से सम्मानित किया गया। कुलसचिव डा .एसके गर्ग ने सामाजिक कार्य के लिए एनएसएस स्वयंसेवकों की सराहना की और अधिकारियों से कहा कि वह स्कूली छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय के दौरे की व्यवस्था करें, ताकि वे उच्च अध्ययन के लिए प्रेरित हो सके। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा .उमेश ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**NEWS CLIPPING: 05.05.2022**

# PIONEER

## जेसी बोस में सप्ताह का एनएसएस शिविर संपन्न

### शिविर के समापन पर एनएसएस वालंटियर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



समापन पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग एवं अन्य के साथ एनएसएस वालंटियर्स।

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक सप्ताह शिविर संपन्न हो गया। शिविर का आयोजन विवि के एनएसएस वालंटियर्स के लिए जिला फरीदाबाद के गवर्नमेंट गर्ल्स मिडिल स्कूल (जीजीएमएस), अटाली में किया था।

शिविर के समापन अवसर पर विवि परिसर के विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिविर के सफल समापन पर एनएसएस वालंटियर्स को प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, एनएसएस समन्वयक प्रो. प्रदीप डिमरी और डीन छात्र कल्याण प्रो. लखविंदर सिंह भी उपस्थित थे। इस अवसर पर जीजीएमएस, अटेली के हेड मास्टर उत्तम चंद को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था।

कार्यक्रम के दौरान 27 एनएसएस वालंटियर्स को उनकी 240 घंटे की निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। वाद-विवाद, निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी प्रमाण पत्र और पदक से सम्मानित किया। इससे पहले डॉ. डिमरी ने अतिथि का स्वागत किया और शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। श्री गोयल ने विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रकोष्ठ का ग्रामीण क्षेत्र अटाली में शिविर लगाने और सामाजिक गतिविधियों विशेष रूप से छात्राओं को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आभार व्यक्त किया।

कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने सामाजिक कार्य के लिए एनएसएस वालंटियर्स की सराहना की और अधिकारियों से कहा कि वे स्कूली छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय के दौरे की व्यवस्था करें ताकि वे उच्च अध्ययन के लिए प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम के बाद छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उत्तम चंद गोयल को शिविर के दौरान उनके सहयोग के लिए स्मृति चिह्न और प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

**NEWS CLIPPING: 05.05.2022**

# HINDUSTAN



फरीदाबाद की जेसी बोस यूनिवर्सिटी में एनएसएस वॉलंटियर्स का एक सप्ताह का शिविर संपन्न होने पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग बुधवार को छात्रों को प्रमाणपत्र देते हुए। • हिन्दुस्तान

## निस्वार्थ सेवा करने पर 27 छात्रों को मिला प्रमाणपत्र

फरीदाबाद, संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा अटाली के स्कूल मे आयोजित एनएसएस स्वयंसेवक शिविर संपन्न हो गया। इस शिविर में निस्वार्थ भाव से सेवा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरिण के लिए विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में एक कार्यकम आयोजित किया गया। इसमें 27 छात्रों को 240 घंटे निस्वार्थ सेवा के लिए प्रमाण पत्र दिए गए।

कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, एनएसएस समन्वयक प्रो. प्रदीप डिमरी और डीन छात्र कल्याण प्रो. लखविंदर सिंह, शिक्षक उत्तम चंद आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर वाद-विवाद, निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी प्रमाण पत्र और पदक से सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रकोष्ठ का ग्रामीण क्षेत्र अटाली में शिविर लगाने और सामाजिक गतिविधियों विशेष रूप से छात्राओं को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आभार व्यक्त किया। कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने सामाजिक कार्य के लिए एनएसएस वालंटियर्स की सराहना की।

**NEWS CLIPPING: 05.05.2022**

# AAJ SAMAJ

**कार्यक्रम** जेसी बोस विश्वविद्यालय के एनएसएस वॉलंटियर्स का एक सप्ताह का शिविर संपन्न

## शिविर के समापन पर एनएसएस वॉलंटियर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए

आज समाज नेटवर्क

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक सप्ताह का शिविर यहां संपन्न हो गया। शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के एनएसएस वालंटियर्स के लिए जिला फरीदाबाद के गवर्नमेंट गर्ल्स मिडिल स्कूल (जीजीएमएस), अटाली में किया गया था। शिविर का समापन अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर के विवेकानंद सभागार में कार्यक्रम का आयोजित किया गया और शिविर के सफल समापन पर एनएसएस वालंटियर्स को प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, एनएसएस समन्वयक प्रो प्रदीप डिमरी और डीन छात्र कल्याण प्रो. लखविंदर सिंह भी उपस्थित थे। इस अवसर पर जीजीएमएस, अटेली के हेड मास्टर उत्तम चंद को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान 27 एनएसएस वालंटियर्स को उनकी 240 घंटे की निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वाद-विवाद, निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी प्रमाण पत्र और पदक से सम्मानित किया गया। इससे पहले डॉ. डिमरी ने अतिथि का स्वागत किया और शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। श्री गोयल ने विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रकोष्ठ का ग्रामीण क्षेत्र अटाली में शिविर लगाने और सामाजिक गतिविधियों विशेष रूप से छात्राओं को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आभार व्यक्त किया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने सामाजिक कार्य के लिए एनएसएस वालंटियर्स की सराहना की और अधिकारियों से कहा कि वे स्कूली छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय के दौरे की व्यवस्था करें ताकि वे उच्च अध्ययन के लिए प्रेरित हो सके। कार्यक्रम के बाद छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमेश ने धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री उत्तम चंद गोयल को शिविर के दौरान उनके सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।



कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग एवं अन्य के साथ विश्वविद्यालय के एनएसएस वालंटियर्स। विशाल त्रिवेदी